22022-1/2018-रा.भा.(विविध)

महत्वपूर्ण

फ़ाइल संख्या-23012-2/2017-रा.भा.

भारत सरकार

संचार मंत्रालय

डाक विभाग

डाक भवन, संसद मार्ग,
नई दिल्ली- 110001

दिनांक- 16 मार्च, 2020

कार्यालय ज्ञापन

विषय- डाक विभाग, नई दिल्ली और संबद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा प्रयोग में लाये जा रहे विभिन्न सॉफ्टवेयरों में अनिवार्यतः हिंदी भाषा में काम करने की सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के नियमानुसार प्रत्येक सरकारी कार्यालय में यूनिकोड हिन्दी टंकण की सुविधा होने के साथ-साथ कार्यालय में प्रयोग किये जा रहे विभिन्न सॉफ्टवेयरों में हिन्दी भाषा में कार्य करने की सुविधा होनी अपेक्षित है। **आज विभिन्न सॉफ्टवेयरों के माध्यम से जो सूचना-प्रौद्योगिकी का प्रसार हुआ है वह मूलत: अँग्रेजी में हुआ है जिसके कारण आमजन तक इनका लाभ नहीं पहुँच पा रहा है। आमजन तक इन सॉफ्टवेयरों का लाभ पहुंचना तभी संभव है जब ये सॉफ्टवेयर अँग्रेजी एवं हिंदी दोनों भाषाओं में उपलब्ध हों। इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए देखने में आया है कि डाक विभाग, नई दिल्ली और संबद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जो भी सॉफ्टवेयर प्रयोग में लाये जा रहें हैं वे अँग्रेजी में हैं जो कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के नियमों एवं अनुदेशों का गंभीर उल्लंघन है। डाक विभाग, नई दिल्ली और अधीनस्थ कार्यालयों में जो सॉफ्टवेयर आदि पूर्णतया अँग्रेजी में प्रयोग किये जा रहें हैं उनकी सूची निम्न प्रकार से है-**

1. मेल डेलीवरी सिस्टम ।
2. लॉजिस्टिक्स डाक सेवायें ।
3. डाक विभाग से संबंधित विभिन्न मोबाइल एपलिकेशंस ।
4. स्पीड पोस्ट की रसीदें।
5. पीएसएस बुक में विभिन्न प्रविष्टियाँ [एंट्रीज़]
6. विभिन्न पार्सल सेवायें ।
7. ईएमओ/आईएमओ।
8. बिज़नेस पोस्ट ।
9. पंजीकृत डाक की रसीदें।
10. डायरेक्ट मेल से जुड़े कार्य।
11. डाक घर पास पोर्ट सेवा केंद्रों के जुड़े फॉर्म, रसीदें [पीओपीएसके]

12. वन स्टॉप शॉप से जुड़े सॉफ्टवेयर।
13. रेल टिकटों की बिक्री से जुड़े फॉर्म।
14. तृतीय पक्ष के विविध उत्पादों को बेचने से जुड़े सॉफ्टवेयर एवं फॉर्म।
15. हिन्दी में टेक्स्ट मैसेज करने की सुविधा।
16. ई-पोस्ट, कॉर्पोरेट सेवा, ई-कॉमर्स से जुड़े सॉफ्टवेयर।
17. ई-डाक घर पोर्टल, डेमोग्राफिक जानकारियाँ ।
18. सिम आधारित हस्तचलित उपकरण।
19. मनी ऑर्डर बुकिंग, कोर बैंकिंग सोल्यूशंस आदि से जुड़े सॉफ्टवेयर आदि।
20. आईपीपीबी, वित्तीय प्रबंधन संकायों आदि से जुड़े सॉफ्टवेयर आदि ।

ये कुछ सॉफ्टवेयर हैं जो डाक विभाग सहित सभी अधीनस्थ डाक सर्कल कार्यालयों आदि द्वारा अँग्रेजी में प्रयोग किये जा रहें हैं। उपरोक्त के अलावा अभी और भी कई ऐसे सॉफ्टवेयर हैं जो इस सूची में शामिल नहीं हैं किंतु उनका प्रयोग डाक विभाग सहित सभी अधीनस्थ डाक सर्कल कार्यालयों द्वारा किया जा रहा है और ये सभी सॉफ्टवेयर अंग्रेज़ी में हैं। आपकी जानकारी के लिए ऐसा करना राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के नियमों एवं अनुदेशों का गंभीर उल्लंघन है।

उपर्युक्त के दृष्टिगत सभी संबंधित उप महा निदेशकों से अनुरोध है कि इस मामले की गंभीरता को समझते हुये इस मामले में तत्काल कदम उठाने आरंभ कर दिये जाए। **सभी उप महा निदेशक एक निश्चित अवधि बताते हुए कि यह कार्य कब तक पूरा हो जाएगा इसकी जानकारी इस कार्यालय ज्ञापन के प्राप्त होने की तारीख से 05 दिनों के अंदर राजभाषा अनुभाग को भेजना सुनिश्चित करें।** हमारा उद्देश्य होना चाहिए कि सभी सॉफ्टवेयरों में भारतीय भाषाओं के माध्यम से कार्य करने की सुविधा हो जिससे हम इस सूचना-क्रांति का लाभ अपने हर नागरिक तक पहुँचा सकें।

एम यु अब्दाली
16/3/2020

एम. यु. अब्दाली

उप महानिदेशक (ईएमएम/राजभाषा)

प्रति–

1. **सचिव (डाक) महोदय के प्रधान निजी सचिव के अवलोकन के लिए ।**
2. **महा प्रबंधक, सी ई पी टी, मैसूर को इस अनुरोध के साथ कि इस कार्यालय ज्ञापन को कार्यालय की वैबसाइट पर अनिवार्य रूप से अपलोड कराये।**
3. **सभी उप महा निदेशक, डाक विभाग, नई दिल्ली को इस अनुरोध के साथ कि उपर्युक्त के संबंध में की गई कार्रवाई से राजभाषा अनुभाग को इस कार्यालय ज्ञापन के प्राप्त होने के 05 दिनों के अंदर सूचित करें।**
4. **गार्ड फ़ाइल।**